## Step By Step Guideline of Admission Form Filling:-

## नामांकन प्रवेश फॉर्म भरने के लिए चरण मार्गदर्शिका:

**अधिकारिक वेबसाइट (www.purneau.ac.in) पर जायें → Admission सेक्शन में जाकर UG Admission 2025-2029 पर क्लिक करें → नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें → प्रवेश फॉर्म को ऑनलाइन भरें → व्यक्तिगत् जानकारी भरें → शैक्षणिक जानकारी भरें → अन्य जानकारी भरें → आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करें → शुल्क भुगतान करें → फॉर्म को सबमिट करें → नामांकन प्रवेश फॉर्म की प्रति प्रिंट रूप में सुरक्षित रखें।**

**Step-1** आवेदकों के पास एक वैध मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी होना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि यह ईमेल और मोबाइल नंबर आपके भविष्य के सभी संदर्भों के लिए उपयोग किया जाएगा। कृपया स्वयं/ परिवार का ही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी प्रयोग करें।

**Step-2** आवेदक अपना ऑनलाइन नामांकन आवेदन प्रपत्र भरने से पूर्व निम्न प्रमाण-पत्रों को स्कैन कर पीडीएफ **(PDF)** बनाकर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे क्योंकि नामांकन पोर्टल पर अपलोड अनिवार्य होगा। सभी अपलोड किये सर्टिफिकेट्स का साईज 100 KB to 500 KB के बीच होना चाहिये।

a. Latest Photo (Not more than 2 months old)
b. Signature of Student
c. X$^{th}$ Marksheet original and Certificate (in a single pdf)
d. XII$^{th}$ Marksheet original and Certificate (in a single pdf)
e. Caste Certificate (If applicable )
f. EWS Certificate (If applicable )
g. PwD Certificate (If applicable )
h. Other Certificate/s (If applicable )

**Step-3** नामांकन हेतु आवेदन फॉर्म भरना होगा। जिसके लिये विद्यार्थी (आवेदक) को पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया की अधिकारिक वेबसाइट www.purneau.ac.in पर जाना होगा और Admission सेक्शन में जाकर UG Admission 2025-2029 पर क्लिक करना होगा।

**Step-4** क्लिक करते ही विद्यार्थी पूर्णियां विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल पर पहुँच जायेंगे। समर्थ पोर्टल पर पहुंचते ही विद्यार्थी को सबसे पहले रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा इसमें विद्यार्थी का नाम, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल आईडी, और एक आठ (8) डिजिट का पासवर्ड बनाना होगा। पासवर्ड बनाने के लिए स्पेशल कैरेक्टर, कैपिटल लेटर, स्मॉल लेटर और नंबर के कॉम्बिनेशन की आवश्यकता होगी साथ ही मोबाइल नंबर और कैप्चा को डालकर रजिस्ट्रेशन पूरा किया जा सकता है।

**Step-5** रजिस्ट्रेशन करते ही वेरिफिकेशन कोड़ (OTP) मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा जो 15 मिनट के लिए वैलिड होगा। वेरिफिकेशन कोड़ (OTP) को भर कर अपने अकाउंट को वेरीफाई करेंगे। नामांकन फॉर्म भरने के लिए दायीं ओर ऊपर स्थित लॉगिन पर क्लिक करें।

**Step-6** पुनः Register User Login पर जाकर ईमेल आईडी और पासवर्ड डालें। Complete Your Profile पर क्लिक करें।

**Step-7** Personal Details (व्यक्तिगत् विवरण) भरें। व्यक्तिगत जानकारी जैसे जेंडर, जन्मतिथि, आरक्षण लाभ हेतु अपनी उचित कैटेगरी का चुनाव करें। ब्लड ग्रुप, नागरिकता, धर्म, वैलिड आईडी को भरे। वैलिड आईडी प्रूफ में other (अदर) आप्शन पर क्लिक करें। नेम ऑफ़ गवर्नमेंट आईडी प्रूफ में AADHAR (आधार) लिख कर आईडी प्रूफ नंबर में आधार संख्या दर्ज करें।

**Step-8** Family Details में माता, पिता का नाम व मोबाइल नंबर दर्ज करें। उचित पारिवारिक इनकम पर क्लिक करें। यदि विशेष कोटा श्रेणी में आते हैं, तो लाभ लेने हेतु दिव्यांग (PwBD) श्रेणी, Sports Quota अथवा Fine Arts (CCA) Quota जो भी केटेगरी में है YES करें अन्यथा Not Applicable पर क्लिक करें।

**Step-9** अपने बैंक से संबंधित जानकारी को दर्ज करें। अपना घर का पता परमानेंट एड्रेस सहित को भरने के पश्चात Save Details (डिटेल्स को सेव) को क्लिक करें।

**Step-10** Personal Details (व्यक्तिगत् विवरण) को पुनः वेरीफाई करें और Proceed to Next पर चले जाएँ।

**Step-11** Uploads सेक्शन में भरे गये आप्शन के सन्दर्भ में documents को अपलोड करेंगे। Proceed to Next पर क्लिक करें। Submit and Lock कीजिये।

**Step-12** यह सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव है। Under Graduate Programmes पर जाये और BA/BSc/BCom में से किसी एक आप्शन का चुनाव करें।

**Step-13** BA/BSc/BCom के जिस विषय (Subject) में नामांकन लेना चाहते है, उसे चुनते हुए अधिकतम दो (02) जिला का चुनाव करें। **आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वें अपने गृह जिला स्थित अथवा घर से नजदीक के महाविद्यालय का ही चुनाव करें।** अधिकतम (07) महाविद्यालयों का चुनाव करें। कुछ विशेष विषयों को छोड़कर।

**Step-14** Academic Details शैक्षणिक जानकारी को भरेंगे। 10th, 12th की सभी जानकारी दर्ज करेंगे। Save and Next के बाद शैक्षणिक प्रमाणपत्रों को अपलोड करेंगे। पुनः आवेदन फॉर्म के प्रत्येक कॉलम में भरी गयी सभी प्रविष्टियों को भली-भाँती जांच लेंगे कि सभी जानकारी सही भरी गयी है। आप् वेरीफाई करें और पेमेंट आप्शन पर चले जायेंगे।

**Step-15** यहाँ ध्यान देना आवश्यक है कि **एक बार पेमेंट होने के पश्चात् भरे हुए आवेदन फॉर्म में कोई बदलाव नहीं हो सकेगा।** अतः आवेदन फॉर्म के प्रत्येक कॉलम में सही सही प्रविष्टियां ही भरी जाये। आवेदन फॉर्म में किसी भी त्रुटि के लिये सिर्फ आवेदक (विद्यार्थी) ही जिम्मेदार होगा।

**Step-16** आवेदन फॉर्म का पेमेंट हेतु सभी श्रेणी के विद्यार्थियों के लिये ₹ 600/- (SC/ST एवं PwBD के लिए ₹ 300/-) का भुगतान किया जाना है।

**Step-17** आवेदन फॉर्म का पेमेंट Debit Card/NET Banking/UPI अथवा QR Code के माध्यम से किया जा सकता है।

**Step-18** सफलतापूर्वक पेमेंट हो जाने के बाद आपका फॉर्म भर जायेगा। **भरे हुए आवेदन फॉर्म का प्रिंट लेकर भविष्य की आवश्यकता के लिए सुरक्षित रख लेंगे**, और मेधा सूचि Merit List जारी होने का इंतज़ार करेंगे।